13/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज सुबह अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की यात्रा पर रवाना हुई। भारत के किसी भी राष्ट्रपति की इन तीन अफ्रीकी देशों की यह पहली यात्रा होगी। एक वर्ष पहले भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाया गया था। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्विपक्षीय बैठकें करेंगी और भारतीय समुदाय से बातचीत करेंगी।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि गतिशक्ति से विकसित भारत के सपने को साकार करने में गति मिल रही है और इससे प्रगति, उद्यमिता और नवाचार को बढावा मिलेगा।

000000000000000000000

भारत द्वारा 2025 तक टीबी उन्मूलन की प्रतिबद्धता के अनुरूप राज्य के लोगों को प्रेरित करते हुए, प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त के.टी. परनाईक ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय मित्र पहल के अंतरगत कामले और अपर सुबनसिरी जिलों से दो टीबी रोगियों को गोद लिया है।

राज्यपाल ने राज्यवासियों, विशेषकर निर्वाचित प्रतिनिधियों, सामुदायिक नेताओं, गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, व्यापारिक घराने आदि से आगे आकर नि-क्षय मित्र बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत में टीबी का इलाज बड़े पैमाने पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से मुफ्त प्रदान किया जाता है, नि-क्षय मित्र पोषण और रोगी सहायता से संबंधित अंतराल को भरने और प्रभावित लोगों के लिए व्यापक देखभाल सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने जागरूकता बढ़ाने और बीमारी से जुड़े विभिन्न धारनाओं को कम करने के लिए समुदाय आधारित दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल से टीबी रोगियों को तेजी से ठीक होने में मदद मिल रही है और सामुदायिक भागीदारी एवं समर्थन के माध्यम से रोग के प्रसार को रोककर सार्वजनिक स्वास्थ्य में भी योगदान मिल रहा है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स गत शनिवार को अरुणाचल प्रेस क्लब में इजरायल द्वारा मारे गए फिलिस्तीनी पत्रकारों और मीडियाकर्मियों के समर्थन में एकजुटता मार्च का आयोजन किया। APUWJ के सदस्य वैश्विक सतर्कता व्यक्त करने, शोक व्यक्त करने और फिलिस्तीनी शहीदो को शहादत देने के लिए एकत्र हुए। APUWJ ने अपने सहयोगी इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (IFJ) और इंडियन जर्नलिस्ट्स यूनियन (IJU) के साथ मिलकर फिलिस्तीनी पत्रकारों के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजरायल से पत्रकारों की हत्या बंद करने का आग्रह किया है।

इससे पहले, पिछले 10 अक्टूबर को, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने दुनिया भर में अपने सहयोगियों से आह्वान किया था कि वे जहाँ भी संभव हो, फिलिस्तीनी पत्रकारों का समर्थन करने के लिए एकजुटता की कार्रवाई का आयोजन करें, ताकि गाजा में पत्रकारिता जीवित एवं बची रहे।

000000000000000000

आकाशवाणी ईटानगर की क्षेत्रीय समाचार इकाई राज्य के प्रत्येक जिले से एक पार्ट टाईम संवाददाता (पीटीसी) के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहे है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आठ नवबंर दो हजार चौबीस होगी। इच्छुक उम्मीदवार www.newsonair.gov.in पर 'वेकैंसीज' की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

0000000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र, ईटानगर ने अगले चार दिनों तक अरुणाचल प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। इसके अलावा, केंद्र ने आज और कल के लिए राज्य में येल्लो अलर्ट जारी की है।

0000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सभी केंद्रीय विभागों और प्रशासनों से अनुरोध किया है कि वे इस महीने 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर देश की सभी महत्वपूर्ण इमारतों पर राष्ट्रीय तिरंगे के साथ संयुक्त राष्ट्र का झंडा भी फहराएं।

हालांकि, मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति भवन, संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट भवन, राजभवन, राज निवास या देश भर में विधान परिषदों, विधानसभाओं और उच्च न्यायालयों वाले भवनों पर संयुक्त राष्ट्र का झंडा नहीं फहराया जाएगा।

0000000000000

यूनिसेफ ने कहा है कि भारतीय आपूर्तिकर्ता वैश्विक स्तर पर बच्चों को स्वास्थ्य और राशन सहायता प्रदान करने वाले संगठनों में तीसरे सबसे बड़े प्रदाता हैं। भारतीय व्यवसायों ने यूनिसेफ को उसके वैश्विक कार्य के लिए लगभग छह बिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति की है। भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर, यूनिसेफ की आपूर्ति प्रभाग की निदेशक, लीला पक्काला, ने कहा कि बच्चों के लिए जीवन रक्षक वस्तुओं और सेवाओं के भारतीय आपूर्तिकर्ता वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

0000000000000000000000

आज दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर में आपदा न्यूनीकरण और जोखिम जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देना और जागरूकता लाना है। इस वर्ष का विषय है "**एक लचीले भविष्य के लिए अगली पीढ़ी को सशक्त बनाना।**" यह विषय आपदा मुक्त भविष्य के लिए युवाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का प्राथमिक उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और उन्हें खुद की रक्षा करने और अपने परिवारों एवं समुदायों में बदलाव के एजेंट बनने के लिए तैयार करना है।

000000000000000000000